an>

Title: Need to provide compensation to the farmers in Uttar Pradesh whose crops were damaged by wild animals.

श्री राम चरित्र निषाद (मछलीशहर): महोदया, मेरे लोक सभा क्षेत्र मछलीशहर में किसानों की जमीन के मुआवजे से संबंधित विषय की तरफ आपका ध्यान आकर्षित कराते हुए मदद चाहता हूं। उत्तर प्रदेश सरकार वाराणसी से सुल्तानपुर और वाराणसी से आजमगढ़ हमारे लोक सभा क्षेत्र से दो नई सड़कें जा रही हैं। भारत सरकार ट्रांसपोर्ट मंत्रालय ने राज्य सरकार को पैसा दे दिया है। वर्ष 2011 में जमीन का अधिग्रहण कर लिया गया लेकिन आज तक हमारी लोक सभा में कसकट विधान सभा क्षेत्र की चंदवक मार्केट में किसान रोड़ पर रोज धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। चूंकि आजमगढ़ क्षेत्र मुख्यमंत्री के पिताजी का क्षेत्र है, वहां किसानों ने जो रेट मांगा उन्हें मिल गया लेकिन उसके साथ में हमारा लोक सभा क्षेत्र में आज तक किसानों को रोज धरना प्रदर्शन करने के बावजूद भी उचित रेट का मुआवजा नहीं मिल रहा है।

मैं आपके माध्यम से मदद चाहता हूं कि मेरी लोक सभा के किसानों को आजमगढ़ और सुल्तानपुर के रेट पर मुआवजा दिया जाए।

माननीय अध्यक्ष:

श्री भैरों प्रसाद मिश्र और

कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल को श्री राम चरित्र निषाद द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।